# स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

द आई सी एफ़ ए आई विश्वविद्यालय, रायपुर ,कुम्हारी में 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो. डॉ.एस.डी पाण्डेय ने प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया गया और प्रभात फेरी निकली गई। राष्ट्रगान की गूंज के साथ पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण छा गया। ध्वजारोहण के पश्चात कुलपति महोदय प्रो. पाण्डेय ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि आज का दिन हम सबके लिए गर्व और आत्मचिंतन का दिन है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का अवसर है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आज़ाद कराने के लिए संघर्ष किया। महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे अनगिनत नाम आज भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा, हमारी आज़ादी सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं है, यह हमारी सोच, हमारे कर्म और हमारे कर्तव्यों में भी झलकनी चाहिए। आज हमें यह संकल्प लेना है कि हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे और इस देश को एक समृद्ध, शिक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे।

कुलपति महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी विद्यार्थी इस देश का भविष्य हैं। आपकी सोच, आपकी शिक्षा और आपके प्रयास ही इस देश की दिशा तय करेंगे। इसलिए हर छात्र को चाहिए कि वह सिर्फ डिग्री की ओर न देखे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी आगे बढ़े। नैतिक मूल्यों, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़िए।उन्होंने यह भी कहा कि, हमारा विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। हम यहाँ सिर्फ किताबें नहीं पढ़ाते, हम यहाँ चरित्र और दृष्टि का भी निर्माण करते हैं। अपने प्रेरणादायी भाषण के अंत में कुलपति महोदय ने सभी को एकजुट होकर देश की सेवा करने का संकल्प दिलाया और विद्यार्थियों से अपील की कि वे तकनीकी, वैज्ञानिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाएं।

कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से देश के प्रति अपने प्रेम और आदर को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों और ओजपूर्ण भाषणों ने उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। समारोह में विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'वन्दे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ हुआ।












ICFAI
The ICFAI
Raipur
79 वां
दिवस समारोह


The ICFAI University, Raipur






ICFAI
The ICFAI University, Raipur

